सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 02 फरवरी, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में नेपाल में आयोजित होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रही यूके मास्टर्स स्पोर्ट्स टीम ने शिष्टाचार भेंट की। नेपाल के पोखरा में आगामी 07 फरवरी, से 03 दिवसीय ''60 प्लस इंटरनेशनल वेटरन फुटबॉल टूर्नामेंट'' आयोजित हो रहा है। इस टूर्नामेंट में उत्तराखण्ड सहित कुल 06 टीमें प्रतिभाग करेगी। उत्तराखण्ड से मास्टर्स स्पोर्ट्स टीम इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रही है।

टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने मन और मस्तिष्क को युवा रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सोच–विचार और धारणा को इस प्रकार विकसित करना चाहिए जिससे कोई भी लक्ष्य बड़ा ना लगे। राज्यपाल ने सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन बलूनी को अपनी संस्था में 5 लाख से अधिक वेटरन्र्स को जोड़ने का लक्ष्य भी दिया।

उन्होंने कहा कि मास्टर्स स्पोर्ट्स के सभी खिलाड़ी 60 वर्ष से अधिक उम्र के है जो फिट इण्डिया मूवमेंट को चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को खेलों और अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि वे सभी खिलाड़ियों से मिलकर बहुत प्रभावित हुए हैं। उन्होने कहा कि इस उम्र में खेलों के प्रति ऐसा जज्बा हमारे युवाओं के प्रेरणा का कार्य करेगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। इस अवसर पर मास्टर्स स्पोट्स सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन बलूनी, कर्नल मनोज रावत, एल.एम भट्ट, मैनेजर आर पी पोखरियाल, कोच अशोक वाही सहित टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

............0..........